## एक नजर में

### 30 अप्रैल तक चलेगी क्लास फिर 45 दिन का ग्रीष्म कालीन अवकाश

**मंडलेश्वर, निप्र।** भीषण गर्मियों मे भी स्कूलों मे पढ़ाई चल रही हैं।23 मार्च को रिजल्ट आने के बाद से स्कूलों मे 01अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाकर बच्चो की क्लास लगना शुरू हो गई है।महात्मा गाँधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल के प्राचार्य जे के सोनी ने बताया की अभी कक्षा 11वीं को छोड़कर कक्षा 1 से 12 तक सभी कक्षाए चल रही हैं शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक 25 प्रतिशत कोर्स पुरा करने का लक्ष हैं।30अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होकर 14 जून तक रहेंगे।शिक्षकों के अवकाश 31मई को हीं समाप्त हो जाएंगे उन्हें 1 जून से स्कुल जाना होगा।हाय स्कुल और हायर सेकंडरी परीक्षा का परिणाम 14 अप्रैल तक घोषित होने की संभावना हैं। कक्षा 9 वीं और 11 वीं की द्वितीय अवसर की परीक्षा 3 जून से 13 जून तक होंगी उसका टाइम टेबल बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया हैं।पूरक परीक्षा के स्थान पर अब द्वितीय अवसर की परीक्षा हो रही है इसमें सभी विषयो मे अनुत्तीर्ण छात्र शामिल हो सकते हैं जिस विद्यार्थी के कम अंक आए हो वह भी इसमें शामिल हो सकता हैं। विद्यालय मे गणित, बायोलॉजी, कृषि विज्ञान और कामर्स विषय संचालित हैं, विद्यालय मे भारतीय सेना मे जाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए एन सी सी की सुविधा भी हैं।

### सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे



**मंडलेश्वर, निप्र।** बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत मंडलेश्वर मे दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर सांसद गजेंद्र सिंह पटेल और विधायक राजकुमार मेव की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए सांसद ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा हैं।आपने कार्यकर्ताओ से आग्रह किया कि वे सरकार कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। विधायक राजकुमार मेव ने कार्यकर्ताओ से अनुरोध किया कि वे सेवा और समर्पण भाव से कार्य कर पार्टी को मजबूत करें।दो दिवसीय शिविर मे कुल सात सत्र आयोजित हुए प्रथम दिन विवेक भटोरे,डॉ बद्रीप्रसाद पाटीदार, प्रभात पंडित, डॉ शम्भू सिंह मनहर एवं जितेंद्र सुराणा ने कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया।आभार डॉ देवेन्द्र पाटीदार ने माना।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचंद मोयदे जे पी जाट राजनाथ पाटीदार रमेश चंद राठौड़ राधश्याम जायसवाल रामेश्वर पाटीदार और श्रीमती मंजूला मेवाड़े सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रस्ट ने राहगीरों के लिए लगाया आरओ, भीषण गर्मी में मिलेगा ठंडा पानी



**मंडलेश्वर, निप्र।** भीषण गर्मी मे बाहर से आए राहगीरों को भी अब आर ओ का शुद्ध और ठंडा पानी पीने को मिलेगा यह व्यवस्था नगर के सबसे पुराने जुहारमल गुलाब चंद जैन ट्रस्ट द्वारा की गई हैं। महेश्वर क्षेत्र के पहले विधायक स्वर्गीय जड़ावचंद जैन और समाज सेवी सेठ स्वर्गीय राजमल जैन की स्मृति मे उनके परिजनों द्वारा कसरावद फाटे पर स्थित जुहार मल जैन धर्मशाला मे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु एक आर ओ लगाया गया हैं जहाँ हमेशा शुद्ध और शीतल पेयजल आम जन के लिए उपलब्ध रहेगा।यहां आर ओ लगाने का समारोह पूर्वक शुभारम्भ किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि नगर के गणमान्य समाजसेवी दीपक जैन ने इस पेयजल व्यवस्था का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जुहारमल गुलाबचंद जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन चंद जैन और मनोज जैन एवं डॉ प्रसन्न जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक जैन ने कहा की यह एक पुनीत कार्य हैं जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य हैं देवी अहिल्या द्वारा अपने कार्यकाल मे असंख्य कुएँ बावड़ियों का निर्माण कराया गया था। उन्होने राहगीरों के लिए बावड़ियों का निर्माण सड़क किनारे किया था आज भी उनके द्वारा बनवाई गई कई बावड़िया हम सड़क किनारे देख सकते हैं।निमाड़ की भीषण गर्मी मे कोई भी इस नगर से गुजरे तो उसे शुद्ध और शीतल जल मिले यही उद्देश्य हैं इस पेयजल सुविधा का।इस अवसर पर अक्षय पात्र सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष मोयदे, प्रमेश जैन, हितेंद्र शर्मा, प्रितेश जैन सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

### पशु बाड़े में चोरी की नियत से घुसे युवकों ने भैंस के साथ किया अप्राकृतिक कृत्य



**खरगोन, निप्र।** जिले के बमनाला में एक बेहद ही शर्मनाक एवं अमानवीय घटना सामने आई है।यहां गांव के दो युवकों पर पशु बाड़े चोरी करने सहित भैंस के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप लगे है। युवकों की यह घिनौनी करतूत बाड़े में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी अनुसार बमनाला के किसान दीपक तंवर के पशुओं के लिए बना बाड़े में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए है। श्री तंवर ने बताया बाड़ा गांव के बाहर नदी किनारे है। पूर्व में भी चोरियां होने से कैमरे लगाए थे। बुधवार सुबह कैमरे चेक करने पर मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात गांव के दो युवक बाड़े में नजर आए।यहां पंखें, गेहूं आदि सामान चोरी करने बाद युवकों ने वहां बंधी भेंस के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।इसके बाद संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया।ग्रामीणों ने उन्हें रस्सी से बांधकर जुलूस निकाला। इस दौरान मालाएं पहनाकर इस घिनौने कृत्य को अंजाम देने पर आक्रोश दर्ज कराया।इसके बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ पशु क्रुरता की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।ग्रामीणों ने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग फायरिंग केस में 6 और आरोपी गिरफ्तार

## प्रकरण में पहले ही 12 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

### वाट्स एप से किया कॉल

**कसरावद, निप्र।** सूचना कर्ता सत्येंद्र राठौड़ निवासी भीलगांव ने थाना कसरावद पर सूचना दी थी कि उनके व उनके पिताजी दिलीप राठौड़ निवासी ग्राम भीलगांव के व्हाट्सएप पर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वाईस काल आया जिसमें सामने वाले ने अपना नाम हैरी बाक्सर बताया और बोला कि वो लॉरेंस विश्नोई गैंग से बोल रहा है और मैंने ही तुम्हारे घर फायरिंग की गई है और अगर तुमने 10 करोड़ रुपए नहीं दिए तो तुम्हें व तुम्हारे पिता को जान से खत्म कर देंगे मैंने फायरिंग का विडियो भेजा है । अगर पैसा नहीं दिया तो अगली बार हथगोला तुम्हारे घर पर फेंकेंगे।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कसरावद में अपराध क्रमांक 94/26 धारा 308(4), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर रंगदारी कर 10 करोड़ की फिरौती मांगने की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में सीसीटीव्ही फूटेज, मुखबिर तंत्र व तकनीकी साक्ष्यों के संकलन एवं घटना में शामिल आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिये अलग- अलग टीमों का गठन किया गया, गठित टीम को अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल को लीड करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस टीम के द्वारा प्रकरण में पूर्व से शूटर, रेकी करने वाले, फरियादी के घर गोली चलवाने वाले, संसाधन उपलब्ध/ सहायता करने वाले, बिश्नोई गैंग के गुर्गे व उससे पहचान करवाने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार पुलिस ने प्रकरण में कुल 12 आरोपियों को किया गिरफ्तार किया गया था ।प्रकरण में अग्रिम विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा और 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं पुलिस रिमान्ड के दौरान आरोपी राजपाल के कब्जे से फ़रारी के दौरान उसके पास रखी 01 पिस्टल जप्त कर कार्यवाही की गई है ।



### एसपी के निर्देशन में पुलिस बल ने दिखाई सक्रियता

यह कार्रवाई अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में एसडीओपी मंडलेश्वर श्वेता शुक्ला, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन व उनकी टीम, निरीक्षक श्री रितेश यादव व उनकी टीम, थाना प्रभारी बलकवाडा निरीक्षक श्री सागर चौहान व उनकी टीम, थाना प्रभारी सनावद उनि श्री धर्मेन्द्र यादव व उनकी टीम, थाना प्रभारी जैतापुर उनि श्री सुदर्शन कलोसिया व उनकी टीम, थाना प्रभारी गोगावां उनि श्री दीपक यादव व उनकी टीम, थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक प्रीति कटारे (जिला देवास), सीसीटीव्ही फुटेज टीम व साइबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा ।

### गिरफ्तार 6 आरोपियों के नाम और प्रकरण में इस प्रकार रही संलिप्तता

1. **राजपाल (पूर्व से गिरफ्तार):-** थाना कसरावद पर पुलिस रिमान्ड में गैंग सदस्य, 01 पिस्टल कीमती लगभग 25,000/- रुपये, 01 स्कॉर्पियो कीमती लगभग 15,00,000/- रुपये, 01 बुलेट बाइक कीमती लगभग 1,50,000/- रुपये
2. **जावेद पिता जाकिर खान उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अमरपुरा जिला देवास:-** दिनांक 11-12.03.26 को फरियादी के घर रेकी एवं गोली चलने के लिए हुंडाई ऐक्सेन्ट कार से लेकर आया था एवं शूटरों को राहुल बाबा से ली गई पिस्टल उपलब्ध कराई थी, हुंडाई ऐक्सेन्ट कार कीमती लगभग 8,00,000/- रुपये, मोबाईल फोन कीमती लगभग 20,000/- रुपये
3. **कुलदीप पिता मेहरबान सिंग राजपूत निवासी ग्राम कसारी चौहान थाना ताल जिला रतलाम (फरार):-** फायरिंग के लिए आरोपी राजपाल को पिस्टल उपलब्ध करवाने वाला एवं फ़रारी में सहयोग करने वाला
4. **विष्णु पिता बलराम मालवीय उम्र 36 वर्ष निवासी गायत्री कालोनी माहिदपुर रोड उज्जैन:-** आरोपी राजपाल को फ़रारी के दौरान अपने घर में संरक्षण देने वाला
5. **राजा पिता साकिर खान उम्र 30 साल निवासी हाल पुरा स्थाई सिंदनी जिला देवास:-** आरोपी देवास जेल में NDPS के प्रकरण में निरुद्ध था, दिनांक 11-12.03.26 को फरियादी के घर रेकी एवं गोली चलने के लिए आया था, दिनांक 14.03.23 को देवास पुलिस ने NDPS के प्रकरण में किया था गिरफ्तार
6. **रवि पिता विक्रम चौहान निवासी ग्राम कसारी चौहान थाना ताल जिला रतलाम:-** दिनांक 02.03.26 को फरियादी के घर रेकी करने के लिए आया था
7. **संदीप पिता हुकूमचंद प्रजापति निवासी ग्राम बिछडोद थाना घटिया जिला उज्जैन:-** आरोपी लोकेन्द्र को राजपाल से मिलवाने वाला एवं राजपाल को पिस्टल खरीदने व शूटरों को खर्चा देने वाला

## दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

**सनावद, निप्र।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद् की अहमदाबाद में हुए साधारण सभा के अधिवेशन में कानपुर विश्वविद्यालय में स्थापित आचार्य विद्या सागर एवं मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज जैन शोधपीठ के निर्देशक प्रोफेसर अशोककुमार जैन को पुन: अध्यक्ष, डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती बुरहानपुर को उपाध्यक्ष चुना गया. अध्यक्ष ने अपने विशेषाधिकार से महरौनी के विद्वान् श्री संजीव जैन को महामन्त्री मनोनीत किया।

पार्श्व ज्योति मंच, सनावद के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती को विशेष आमन्त्रित सदस्य बनाया गया है। प्रियम जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर जैन वाडी हाटकेश्वर में देश के कोने-कोने से पधारे विद्वानों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष का निर्वाचन किया।अध्यक्ष द्वारा घोषित कार्यकारिणी के सर्व सम्मत गठन में कोषाध्यक्ष डॉ विजय कुमार जैन लखनऊ, संयुक्त मंत्री डॉ. किरण प्रकाश जैन सांगानेर, प्रकाशन मंत्री डॉ पंकज जैन इन्दौर, उपमंत्री अमित जैन जबलपुर, प्रवक्ता डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर बनाये गये। प्रो. कमलेश जैन जयपुर, डॉ. धर्मेंद्र जैन जयपुर, डॉ.संतोष जैन सीकर, डॉ. पुलक गोयल जबलपुर, अशोक शास्त्री इन्दौर, डॉ. ज्योति जैन खतौली, प्राचार्य सतीश जैन सांगानेर, डॉ. सुमत जैन जयपुर, जितेन्द्र जैन अहमदाबाद,डॉ. सतेन्द्र जैन जयपुर, डॉ. अरिहंत जैन मुम्बई, आकाश जैन सोंरई, डॉ. राजेन्द्र चिंतामणि जैन नागपुर सदस्य तथा विशेष आमन्त्रित सदस्यों में प्रा. महेन्द्रकुमार जैन मुरैना, डा. नरेन्द्र कुमार जैन भारती, सनावद,वैभव जैन जालना, डॉ.अरिहंत शरण विलासपुर, डॉ. नीलम सर्राफ ललितपुर, आलोक शास्त्री बड़ामलहरा,डा.,प्रदीप जैन दमोह, डॉ. आशीष जैन बम्हौरी दमोह, श्री नवीन बाबू जैन की सम्मिलित किया गया है। निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। सभी विद्वानों ने पूज्य उपाध्याय सुदत्त सागर जी, प्रसन्नमना मुनि श्री प्रणुत सागर जी एवं क्षुल्लक श्री विनियोग सागर जी का शुभाशीर्वाद ग्रहण किया।



## जल संरक्षण में खरगोन को मप्र में तीसरा स्थान

**खरगोन, निप्र।** 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के अंतर्गत जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं जिले के कसरावद विकासखंड ने उत्कृष्ट एवं प्रभावी क्रियान्वयन के दम पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।



सफलता कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे के मार्गदर्शन में सुनियोजित कार्ययोजना, सतत मॉनिटरिंग तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी अमल का प्रतिफल है। प्रशासनिक नेतृत्व के साथ फील्ड अमले, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण के कार्यों को जनआंदोलन का स्वरूप मिला। कसरावद विकासखंड ने 7.01 स्कोर अर्जित कर राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।अभियान के अंतर्गत ब्लॉक में 1,236 लक्षित कार्यों के विरुद्ध 855 कार्य पूर्ण किए गए। कुल 24.10 करोड़ की स्वीकृत राशि में से 20.76 करोड़ (86.1 प्रतिशत) की प्रभावी व्यय-बुकिंग दर्ज की गई, जो वित्तीय प्रबंधन एवं कार्य निष्पादन की उत्कृष्टता को दर्शाती है।अभियान के दौरान फार्म पोंड, अमृत सरोवर, डग वेल रिचार्ज, जल संरक्षण एवं रिचार्ज, वाटरशेड तथा मरम्मत-रखरखाव जैसे कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। अमृत सरोवर, वाटरशेड एवं मरम्मत कार्यों में 100 प्रतिशत उपलब्धि, फार्म पोंड में 90 प्रतिशत से अधिक तथा डग वेल रिचार्ज में लगभग 86 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई।राज्य स्तरीय रैंकिंग में कसरावद ब्लॉक को प्रथम तथा खरगोन जिले को तृतीय स्थान प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि सुनियोजित रणनीति, प्रभावी निगरानी और सामूहिक सहभागिता से जल संरक्षण के क्षेत्र में ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इस उपलब्धि से खरगोन जिला एवं कसरावद ब्लॉक ने प्रदेश में जल संरक्षण के एक उत्कृष्ट और अनुकरणीय मॉडल के रूप में अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है।



## टीईटी के विरोध में एकजुट शिक्षक, संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**खरगोन, निप्र।** स्कूल शिक्षा विभाग में प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में बगैर शिक्षक पात्रता परीक्षा की नौकरी करने वाले शिक्षक लामबंद हो गए हैं।सुप्रीम कोर्ट और स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश को लेकर शिक्षक संगठनों के प्रदर्शन लगातार जारी है। बुधवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिलेभर के शिक्षक जिला मुख्यालय पर इकट्ठा हुए।शिक्षकों ने प्रभावी रैल निकाली। रैली में प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एसडीएम कार्यालय पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

मुख्य रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की मांग प्रमुखता से उठाई है। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने बताया कि बताया कि आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन.टीईटी शिक्षकों को पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु जो निर्देश जारी किए गए हैं, वे पूरी तरह से नियम विरुद्ध हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि अधिसूचना की कंडिका 4 (क) एवं (ग) के अनुसार, 3 सितंबर 2001 के पहले और बाद में नियुक्त शिक्षकों के साथ-साथ वर्ष 2011 से 2014 के बीच गुरुजी से संविदा शिक्षक बने शिक्षकों को टीईटी से स्पष्ट छूट प्रदान की गई है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों में भी इस छूट का स्पष्ट उल्लेख है, इसके बावजूद विभाग द्वारा शिक्षकों को परीक्षा के लिए बाध्य करना उनके साथ मानसिक प्रताड़ना है। ज्ञापन में मांग की है कि 2 मार्च 2026 और 26 मार्च 2026 को जारी किए गए विभागीय आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि प्रदेशभर के शिक्षकों को इस अनावश्यक तनाव से मुक्ति मिल सके। इसके साथ ही, शिक्षकों की एक पुरानी और ज्वलंत मांग यह भी है कि नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए। शिक्षकों का कहना है कि जब तक नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना नहीं होती, तब तक उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण जैसे वैधानिक लाभों से वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पदोन्नति और क्रमोन्नति की भांति इन लाभों को भी सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक संघ के पदाधिकारी और जिले से आए शिक्षक मौजूद रहे।




## कसरावद दीवार तोड़कर दुकान में घुसे चोर, मोबाइल और नकदी पर किया हाथ साफ



**कसरावद, निप्र।** नगर के इंदौर रोड स्थित मोबाइल दुकानों में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक दूसरे से सटी दो दुकानों की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नगदी सहित मोबाइल व अन्य सामान लेकर फरार हो गए।दुकान संचालकों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी दुकानें स्टेट बैंक के सामने इंदौर रोड पर स्थित है। चोरों ने दीवार तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और गल्ले में रखे करीब 11 हजार रुपये नगद, लगभग 20 हजार रुपये कीमत के हाईविजन 4 कैमरे ड्राइव सहित, रिपेयरिंग के लिए रखे 5 मोबाइल फोन तथा एक वीवो वाय 21 मोबाइल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा अन्य रिपेयरिंग के मोबाइल व एसेसरीज भी चोरी कर ले गए। संचालक के अनुसार, करीब एक वर्ष पूर्व भी दुकान में चोरी का प्रयास हो चुका है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### रोजगार के नए अवसर, युवाओं को मिलेगा सीधा चयन का मौका

**खरगोन, निप्र।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 अप्रैल 2026 को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक सामुदायिक भवन, कसरावद, जिला खरगोन में रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय प्रभारी श्री राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार शिविर में प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड, पीथमपुर, जिला धार द्वारा मशीन ऑपरेटर पद के लिए भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 9,319/- से 16,500/- तक मासिक वेतन दिया जाएगा। जॉब लोकेशन पीथमपुर रहेगी, जहां न्यूनतम दर पर आवास एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।इस रोजगार शिविर में 5वीं से 12वीं उत्तीर्ण ऐसे युवक जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य है।

## एक नजर में

### निबंध, क्विज और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक चेतना एवं भविष्य निर्माण को दृष्टिगत रखते हुए 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत दो दिवसीय गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस 'अटूट आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान' विषय पर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि द्वितीय दिवस 08 अप्रैल 2026 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा भगवान शिव की स्तुति एवं भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान एवं आध्यात्मिकता की भावना का विकास करना, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देना तथा सनातन धर्म से जुड़ी कलात्मक रुचियों को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजयसिंह मंडलोई की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री चन्द्रत भान त्रिवेदी, सुश्री तृप्ति सोनी, सुश्री तृप्ति जायसवाल, श्री पीएस रावत सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। संयोजक डॉ. पूर्णिमा बीसे ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ मंदिर पर प्रथम अभिलिखित आक्रमण के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह स्मरणोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सप्ताहभर विविध गतिविधियां संपन्न की जाएंगी। प्रथम चरण में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता तथा द्वितीय चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ी रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त हुईं। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक जुड़ाव एवं स्वाभिमान की भावना को सुदृढ़ करने में भी सफल सिद्ध हुआ।

